कार्रवाई

महाराजपुर पुलिस की घेराबंदी देख भागने की कोशिश नाकाम

# कार से ढुल रही 61 लीटर अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार



**महाराजपुर 21 दिसंबर नभाप्र.** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले भर में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत महाराजपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एक सेंट्रो कार सहित भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई है।

जानकारी अनुसार महाराजपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घंसौर की ओर से एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार क्रमांक एमएच 02 बीटी 7221 में अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल नाकाबंदी की। इस दौरान जब कार को रोकने का इशारा किया गया, तो आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर वाहन को दबोच लिया। कार में सवार एक युवक ने कूदकर भागने की कोशिश की, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया।

### दो आरोपी गिरफ्तार, करीब 2 लाख का सामान जब्त


पुलिस ने मौके पर पंकज कुमार परते 25 वर्ष निवासी हर्राटीकूर और हिमेश ठाकुर 22 वर्ष निवासी मुगदरा को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर वाहन से 61 लीटर 800 एमएल अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 39,100 रुपये है। पुलिस ने शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त सेंट्रो कार कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये को भी जब्त कर लिया है।

### आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना महाराजपुर में धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी डॉ. जयसिंह यादव के साथ उपनिरीक्षक बीआर मेश्राम, सउनि रमेश पाल, प्रआर विजय, आरक्षक अमित गरयार, सुंदर भलावी, शिवा नाविक, संदीप पूसाम, प्रशांत अवस्थी, हरिदास बिंझिया और मनोहर धुर्वे की सराहनीय भूमिका रही।

# डेढ़ माह के मासूम की मौत पर बिछिया में आक्रोश

- कांग्रेस ने तहसीलदार को घेरा, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग



**भुआबिछिया 21 दिसंबर नभाप्र.** भुआबिछिया के जंतीपुर आंगनवाडी केंद्र में टीकाकरण के बाद एक डेढ़ माह के मासूम की संदिग्ध मौत ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 10 निवासी किरण चौधरी के नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर गलत वैक्सीन लगाने का गंभीर आरोप लगाया है।

इस घटना के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

### वैक्सीन के बाद नीला पड़ गया था शरीर


परिजनों ने बताया कि डेढ़ माह के बच्चे को नियमित टीकाकरण के तहत वैक्सीन लगाई गई थी। वैक्सीन लगने के कुछ ही समय बाद बच्चे का शरीर धीरे-धीरे नीला पड़ने लगा और उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद मासूम ने दम तोड़ दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बच्चे की मौत गलत वैक्सीन या स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण हुई है।

### कांग्रेस ने की मुआवजे सहित कार्रवाई की मांग

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने इस घटना को स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही बताते हुए प्रशासन से मांग की है कि मामले की सूक्ष्मता से जांच की जाए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि दोषी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो और पीड़ित गरीब परिवार को तत्काल उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

### ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि टेकराम राय, झुन्ना ठाकुर, मेवा धुर्वे जनपद सदस्य, दादा भाई विश्वकर्मा, दादू लाल जंघेला, टोनी मिश्रा, अमन राजपूत, निखिल राजपूत, युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष टीका तुम्राली, अक्षत झारिया, योगेश चौबे, महावीर यादव, मोंटू खान, राजा खान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# प्रशासन आपके द्वार शिविर में पहुंचे सीईओ

- सुशासन सप्ताह अंतर्गत जहरमऊ में जनशिकायत निवारण शिविर का आयोजन

**बम्हनी बंजर 21 दिसंबर नभाप्र.** शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने एवं जनशिकायतों के समयबद्ध निराकरण के भाव को लेकर सुशासन सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम जहरमऊ में आयोजित किया गया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना एवं एसीईओ जिला पंचायत श्री विनोद मरावी शामिल हुए।

शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही यथासंभव निराकरण किया गया। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिससे ग्रामीणों को त्वरित एवं पारदर्शी समाधान मिल सके।

सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आगामी 25 दिसंबर तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविरों के दौरान जनशिकायतों का पंजीयन एवं यथासंभव निराकरण का प्रयास किया जाना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को शासकीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दें एवं शिकायतकर्ताओं के आवेदनों का पंजीयन करते हुए यथासंभव निराकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# व्दारका व सोमनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन आज होगी रवाना

**उमरिया नवभारत 21 दिसंबर।** नवभारत प्रतिनिधि से दूरभाष पर चर्चा करते हुए प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 21 जनवरी को व्दारका व सोमनाथ यात्रा हेतु स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। जिसके लिए 179 सीट आवंटित की गई है।

यात्रा हेतु आवेदन 7 जनवरी तक किए जा सकते हैं। उन्होने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी उम्र 60 वर्ष या अधिक है इस योजना के पात्र है, जबकि महिलाओं के मामले मे आयु सीमा में दो वर्ष की छूट है एवं 65 वर्ष आयु से अधिक आयु के व्यक्तियों को साथ में एक सहायक ले जाने की पात्रता है। ऐसे आवेदन पत्र में सहायक का नाम आवेदक के आवेदन पत्र में ही सहायक का उल्लेख कराया जाये व आवेदक के नाम के सामने एक्सल सीट पर सहायक का नाम अंकित करें।





# एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए टीम ने जांची व्यवस्थाएं

- आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ असेसमेंट, टिकरिया केंद्र का हुआ वर्चुयल राष्ट्रीय मूल्यांकन

**नारायणगंज 21 दिसंबर नभाप्र.** जिले के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर टिकरिया में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए वर्चुल्य असेसमेंट संपन्न हुआ। आयोजित इस मूल्यांकन प्रक्रिया में राष्ट्रीय स्तर की टीम ने केंद्र की सुविधाओं और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया।

असेसमेंट की शुरुआत सुबह 9.30 बजे ओपनिंग मीटिंग के साथ हुई। मूल्यांकन टीम में टीम लीडर डॉ. प्रतिमा ढाका और मूल्यांकनकर्ता अजय कुमार शामिल रहे। टीम ने वर्चुल्य माध्यम से अस्पताल के ओपीडी, रिकॉर्ड कीपिंग, स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की। यह पूरी प्रक्रिया शाम 4.15 बजे क्लोजिंग मीटिंग के साथ संपन्न हुई।

मूल्यांकन के दौरान टिकरिया केंद्र के प्रतिनिधियों ने टीम को सभी आवश्यक दस्तावेज और जानकारियां उपलब्ध कराई. इसमें मुख्य रूप से सीपीएचसी अर्जुन सिंह, बीसीएम शैलेन्द्र सिंह, सीएचओ कोशिका भूरा, एएनएम माधुरी सोनी और आशा सुपरवाइजर मीना चक्रवर्ती ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ताओं अजब कली मरावी, रीता सिंगरौरे, कविता सिंगरौरे और सावित्री झारिया मौजूद रही। इस दौरान ग्रामीण स्तर पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई।

क्लोजिंग मीटिंग के दौरान मूल्यांकन टीम ने केंद्र के मजबूत पक्षों की सराहना की और कुछ क्षेत्रों में सुधार के सुझाव भी दिए। यदि टिकरिया केंद्र इन कड़े मानकों पर खरा उतरता है, तो उसे राष्ट्रीय स्तर का एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त होगा, जो उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की पुष्टि करता है. इस आयोजन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में काफी उत्साह देखा गया।

# जिप्सी चालक ने बाघ के शावक को खदेड़ा

- बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान में अनियमितता का आखिर जिम्मेदार कौन?

**उमरिया।** उमरिया जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत स्थित विश्व विख्यात राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़, जो कि अपने देश में ही नहीं बल्कि विदेशो में भी नाम रोशन किया है। आज उसी राष्ट्रीय उद्यान की चर्चा सुर्खियों में है।

बताया जाता है कि यहां जिप्सी चालक बाघ के शावक को खदेड़ते नजर आ रहे हैं। इनके ऊपर आज तक कार्यवाही नहीं हुई, साथ ही श्रमिकों का खुलेआम शोषण किया जाता है, जिसको देखने सुनने वाला कोई नहीं है। श्रमायुक्त कार्यालय इन्दौर से प्राप्त जानकारी अनुसार जो मजदूर की प्रतिदिन की मज़दूरी 467 रूपये निर्धारित है और मजदूर को दो से ढाई सौ रुपए दिए जाते हैं। आखिर क्यों मजदूर के पेट पर लात मारी जाती है। यदि मजदूर अपनी मेहनत की मज़दूरी मांगता है तो उसे काम से बाहर निकालने की धमकी दी जाती है क्यों?

**मजदूरों का हो रहा है शोषण-** मजदूर चाहें मिट्टी डाले, चारा काटे या लेंटाना कांटे उसे शासन द्वारा 467 रूपये मज़दूरी देने का प्रावधान है, लेकिन यहां ऐसा नहीं होता, जो जांच का विषय है। नवभारत को मिली जानकारी अनुसार पनपथा कोठियां सड़क निर्माण कार्य 11 माह पूर्व कराया गया, वहां भी भ्रष्टाचार हुआ है। फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित कर बन्दरबाट की गई। इसकी जांच के लिए टीम गठित की गई है। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

# निरीक्षण के दौरान स्व-सहायता समूहों को दिया आत्मनिर्भरता का मंत्र

- सीईओ ने नैनपुर के गांवों में विकास कार्यों का लिया जायजा





**नैनपुर 21 दिसंबर नभाप्र.** सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने नैनपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत इंद्री पहुंचकर श्रीमती मीना पटेल के खेत पर एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन कर किये गए कार्यों की सराहना की।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की दीदियाँ मछली पालन और सिंघाड़ा उत्पादन जैसी आय मूलक गतिविधियों से जुड़ें, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकेगी। सीईओ श्री मीना ने समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली और इन गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया।

दौरे के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने ग्राम पंचायत तिलई में गोंडी पेंटिंग करने वाले दो समूह के सदस्यों से विस्तार से चर्चा करते हुए उनके कार्य के विषय में जानकारी ली। गोंडी पेंटिंग के कार्य से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आए बदलाव के विषय में सार्थक संवाद किया एवं गतिविधि को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर विनोद मरावी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पूर्णाहूति

पिपरिया में श्रीमद् भागवत कथा का भंडारे और झांकियों के साथ हुआ समापन

# अग्नि की पूजा हमारे जीवन को प्रकाश और ऊर्जा प्रदान करती है : ताराचंद

**निवास 21 दिसंबर नभाप्र.** ग्राम पिपरिया में डॉ. एसआर राय की पुण्य स्मृति में राय परिवार द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन हुआ। कथा वाचक पंडित अनुज कृष्णम महाराज के सानिध्य में सात दिनों तक चली इस ज्ञान गंगा का अंतिम पड़ाव पूर्णाहूति, हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ पूर्ण हुआ।

यज्ञाचार्य महंत ताराचंद शास्त्री महाराज की निगरानी में संपन्न हुए हवन अनुष्ठान के दौरान अग्नि देव की विशेष पूजा की गई। इस अवसर पर महाराज जी ने हवन की महत्ता बताते हुए कहा कि अग्नि की पूजा हमारे जीवन को प्रकाश और ऊर्जा प्रदान करती है। हवन एक ऐसा पवित्र अनुष्ठान है जिसके माध्यम से हम अपने दोषों को जलाकर आत्म-ज्ञान प्राप्त करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस यज्ञ से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है, बल्कि परिवार और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं शांति का संचार होता है।





### झांकियों ने मोहा भक्तों का मन

सप्ताह भर चले इस आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का सजीव वर्णन किया गया। कार्यक्रम में कपिल गीता, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, और भव्य कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। बाल लीलाओं के दौरान नन्हे बाल-गोपालों और गोपियों की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा के अंतिम चरणों में रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र के भावपूर्ण प्रसंगों पर भक्त झूम उठे।

### श्रद्धालुओं सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंतिम दिन राय परिवार द्वारा गीता पाठ और कथा व्यास का विशेष सम्मान किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जो देर रात्रि तक चलता रहा। इस धार्मिक आयोजन में पिपरिया सहित आसपास के अनेक ग्रामों के श्रद्धालु, पूज्य संत और क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर धर्म लाभ लिया। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञाचार्य की टीम सहित आदर्श पांडे, अंकित पांडे, गोविंद पांडे, जयेश दुबे, जीतेश दुबे, हर्षित तिवारी, अंकू पांडे और शैलेंद्र दुबे का विशेष सहयोग रहा।



# गोंगपा के फूल सिंह कांग्रेस में शामिल

- विधायक ओमकार सिंह ने दिलाई सदस्यता

**अमरपुर नवभारत 21 दिसंबर।** जिले के विकासखंड अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खितगांव ग्राम पंचायत जलेगांव निवासी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ता फूल सिंह मरावी ने कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

श्री मरावी को जिला कांग्रेस कमेटी डिंडौरी जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री एवं वर्तमान डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम द्वारा कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाते हुए सदस्यता ग्रहण कराई। बता दें कि लंबे समय से फूल सिंह मरावी डिंडोरी विधायक एवं कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं जनहितैषी कार्यों से प्रभावित रहे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी का मजबूत स्तंभ बन कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह परस्ते प्रदेश सचिव आदिवासी कांग्रेस, केवल कृष्ण नेटी आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमरपुर एवं सुरेश मरावी आदिवासी कांग्रेस महामंत्री बजाग मौजूद रहे।